समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# Asia Cup 2025 को लेकर BCCI ने तोड़ी चुप्पी, टीम इंडिया के खेलने पर आई बड़ी अपडेट।

Publisher

Published on 20 May 2025




## BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने अफवाहों पर लगाई लगाम, कहा— Asia Cup को लेकर कोई बैठक नहीं हुई, खबरे बेबुनियाद।

**नई दिल्ली**: सोमवार को मीडिया में यह खबर तेजी से वायरल हुई कि **भारतीय क्रिकेट टीम Asia Cup 2025** में हिस्सा नहीं लेगी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि यह फैसला **भारत-पाकिस्तान** के राजनीतिक तनाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। लेकिन अब **बीसीसीआई (BCCI) के सचिव देवजीत सैकिया** ने इन सभी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है।

**BCCI ने दी आधिकारिक सफाई**

**BCCI सचिव देवजीत सैकिया** ने समाचार एजेंसी ANI से बात करते हुए कहा:"आज सुबह से यह खबर फैल रही है कि भारतीय पुरुष और महिला टीम को एशिया कप व इमर्जिंग एशिया कप में नहीं भेजा जाएगा। ये दोनों टूर्नामेंट Asian Cricket Council (ACC) के अंतर्गत आते हैं। लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि ये सारी खबरें पूरी तरह झूठी और आधारहीन हैं।"

सैकिया ने आगे कहा कि बीसीसीआई की फिलहाल **IPL 2025** और **इंग्लैडं सीरीज** पर पूरी नजर है। **Asia Cup 2025** को लेकर कोई बैठक अब तक नहीं हुई, इसलिए बायकॉट या भागीदारी पर कोई निर्णय ही नहीं लिया गया है।

**Asia Cup 2025:** कब और कौन-कौन सी टीमें होंगी शामिल ?

१. यह **Asia Cup** टूर्नामेंट का 17वां संस्करण होगा।

२. मेजबान देश की घोषणा अभी नहीं हुई है।

३. संभावित टीमें: **भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान, हांगकांग**।

**महिला इमर्जिंग एशिया कप 2025:**

आयोजन: **श्रीलंका**

पिछली बार (2023): **भारत ने बांग्लादेश को हराकर जीता था खिताब**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.